INDIAN SCHOOL SOHAR

PERIODIC TEST-1 (2022-23) **SET-1**

CLASS: VIII **SUBJECT: HINDI** **MAX.MARKS: 20**

Date: 19/05/2022 **TIME: 45 MINUTES**

निर्देश:

*** इस प्रश्नपत्र में नौ प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

*** यथासंभव प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।**

*** प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका क्रमांक अवश्य लिखें।**

(खंड -क अपठित गद्यांश)

प्रश्न-1 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |** [5]

गर्मी के इस प्रकोप से अपने आपको बचाने के लिए मनुष्य ने उपाय खोज निकाले हैं। साधारण आय वाले घरों में बिजली के पंखे चल रहे है ,जो नर- नारियों की पसीने से रक्षा करते हैं। अमीरों के यहाँ वातानुकूलन के यंत्र लगे हैं।समर्थ जन गर्मी से बचने के लिए पहाड़ी स्थलों पर चले जाते हैं और ज्येष्ठ की तपती दोपहरी पहाड़ की ठंडी हवाओं में बिताते हैं।प्यास बुझाने के लिए शीतल पेय हैं। बर्फ़ और बर्फ़ से बने पदार्थ ग्रीष्म के शत्रु और जनता के लिए वरदान हैं।

प्रश्न-क **मनुष्य ने अपने आपको किससे बचाने के लिए उपाय खोज निकाले हैं ?**

प्रश्न-ख अमीरों के यहाँ क्या लगे हुए हैं ?

प्रश्न-ग जनता के लिए क्या वरदान है ?

प्रश्न-घ समर्थ जन गर्मी से बचने के लिए कहाँ चले जाते हैं ?

प्रश्न-ङ ‘शत्रु’ शब्द का विलोम लिखिए |

(खंड -ख व्याकरण)

प्रश्न- 2 क्या अभय डॉक्टर है ? अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए। [1]

(क) विधानवाचक
(ख) आज्ञावाचक
(ग) संदेहवाचक
(घ) प्रश्नवाचक

प्रश्न-3 तुमने मेरी बात का जवाब नहीं दिया। अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए। [1]

(क) निषेधवाचक

(ख) संदेहवाचक

(ग) संकेतवाचक

(घ) प्रश्नवाचक

प्रश्न-4 निम्न वाक्यों में से कौन-सा वाक्य आज्ञावाचक होगा - [1]

(क) शायद कल बारिश आए।

(ख) पिता जी दफ़्तर जाएँगे।

(ग) यह पत्र आज ही भेज देना।

(घ) मीरा हिंदी की अध्यापिका नहीं है।

प्रश्न-5 मैं अँधेरे से नहीं डरता। अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए। [1]

(क) निषेधवाचक

(ख) आज्ञावाचक

(ग) विस्मयवाचक

(घ) विधानवाचक

प्रश्न-6 निम्न वाक्यों में से कौन-सा वाक्य प्रश्नवाचक होगा - [1]

(क) तुम मेरे साथ चलो।

(ख) मैं सुबह टहलने जाता हूँ।

(ग) उसने चोरी क्यों की ?

(घ) हाय ! महेश गिर गया।

(खंड -ग साहित्य)

प्रश्न-7 **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए ।** [2]

फबना नाजुक सलाख खपत

प्रश्न-8 **निम्नलिखित शब्दों से वाक्य रचना कीजिए ।** [2]

मचिया चाव

प्रश्न-9 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** [6]

(क) मशीनीयुग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?

(ख) बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था और बदलू को 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' क्यों कहता था?

(ग) वस्तु -विनिमय क्या है? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है?